### शव लेकर कानपुर से घर जा रहा था परिवार

# सड़क हादसे में पत्नी और तीन पुत्रियों की मौत

उन्नाव, 28 जुलाई (जनसत्ता)।

**हादसा** इतना जबरदस्त था कि दुर्घटना में रोगी वाहन दो भागों में बंट गई और चालक मौके से फरार हो गया।

**अज्ञात** वाहन व चालक को सीसीटीवी कैमरे के जरिए तलाश कर रही पुलिस।

पति का शव लेकर कानपुर से मौरावां (घर) जा रही पत्नी की तीन बेटियों समेत सड़क हादसे में मौत हो गई जबकि गम्भीर रूप से घायल चौथी बेटी को चिकित्सकों ने कानपुर स्थानांतरित कर दिया है। हादसा इतना जबरदस्त था कि दुर्घटना में रोगी वाहन(एम्बुलेंस) दो भागों में बंट गई और चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी के जरिए टक्कर मारने वाले वाहन तथा चालक को तलाश रही है।

कानपुर के हैलट अस्पताल में इलाज के दौरान पति धनीराम की मौत हो जाने पर अस्पताल में मौजूद मृतक की पत्नी प्रेमा व पुत्री मंजुला 45, अंजली 40, रूबी 30 आज सुबह हैलट कानपुर से रोगी वाहन (एम्बुलेंस) (ओमिनी) संख्या यूपी 95 जे 7752 द्वारा पति धनीराम सविता 73 का शव गांव मौरावां ले जा रही थी।

थाना पुरवा क्षेत्र स्थित विल्लेश्वर मंदिर के निकट अज्ञात वाहन की जबरदस्त टक्कर से मृतक की पत्नी व तीन पुत्रियों समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मृतक की चौथी पुत्री सुधा 36 गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोगों की मदद से क्षेत्रीय पुलिस ने मृतकों के शव पोस्टमार्टम हेतु तथा घायल सुधा को उपचार हेतु कानपुर भेज दिया है। घटना की सूचना पर एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना, एएसपी शशि शेखर सिंह मौके पर पहुंचे घटना स्थल का निरीक्षण किया। दुर्घटना के बाद रोगी वाहन चालक मौके से फरार है। सीओ दीपक सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद एंबुलेंस का चालक लापता है और उसकी तलाश की जा रही है। सिंह के मुताबिक, हादसे के कारणों के बारे में पता लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और एसडीएम परिजनों से मिलने पहुंचे तथा उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। पोस्ट मार्टम हाउस में मृतक के रिश्तेदारों के अलावा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित शुक्ला भी मौजूद हैं।

## बाइक सवार तीन युवकों की मौत

बस्ती, 28 जुलाई (भाषा)।

बस्ती जिले के गौर थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि तीनों युवक गुरुवार देर रात खोड़ारे जा रहे थे, तभी गौर वाल्टरगंज मार्ग पर स्थित समय माता स्थल के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई और सड़क किनारे स्थित धान के खेत में गिर गई। अधिकारी के मुताबिक, हादसे में बाइक सवार तीनों युवकों के सिर में गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान गोंडा जिले के खोडारे थाना क्षेत्र के रसूलपुर खान निवासी मूलचंद (26) और शत्रुघ्न (28) व उन्नाव जिले के सलारपुर के रहने वाले आनंद (26) के रूप में हुई है। गौर थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) राज कुमार पांडेय ने बताया कि तीनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## उमर अंसारी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 28 जुलाई।

उच्चतम न्यायालय ने नफरती भाषण के मामले में मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। यह मामला उत्तर प्रदेश विधानसभा के 2022 के चुनाव के दौरान का है।

उमर अंसारी के साथ उनके विधायक भाई अब्बास अंसारी भी इस मामले में आपराधिक मुकदमे का सामना कर रहे हैं। उन पर मऊ जिले में एक रैली में मंच साझा करने का आरोप है। जहां उनके भाई ने कथित तौर पर सरकारी अधिकारियों को परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। न्यायमूर्ति हृषिकेश राय और न्यायमूर्ति पंकज मित्थल की पीठ ने कहा कि हम ऐसे मामले में प्राथमिकी को रद्द नहीं करेंगे, जहां हाईकोर्ट ने राहत देने से इनकार कर दिया है। आपको मुकदमे का सामना करना होगा। दरअसल अब्बास अंसारी ने 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में मऊ सदर सीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी)-समाजवादी पार्टी गठबंधन के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था। इस दौरान उन्होंने जीत भी दर्ज की थी।

अब्बास पर आरोप है कि उन्होंने एक सार्वजनिक रैली में कहा था कि राज्य में सरकार बनने के बाद पहले छह महीनों तक किसी भी राज्य के अधिकारी का तबादला नहीं किया जाएगा, क्योंकि उन्हें उनसे हिसाब बराबर करना है।

## युवक की हत्या में छह को आजीवन कारावास

हापुड़, 28 जुलाई (जनसत्ता)।

करीब 11 साल बाद गोली मारकर युवक की हत्या के मुकदमे में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम न्यायालय ने छह हत्यारोपितों को दोषी करार दिया है। सभी दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। दोषियों पर अर्थदंड भी लगाया गया है।

अतिरिक्त जिला शासकीय अधिवक्ता नरेश चंद्र शर्मा ने बताया कि गांव बिगास के परमानंद यादव ने 17 मार्च 2012 को थाना बाबूगढ़ में तहरीर दी थी। जिसमें पीड़ित ने बताया था कि फरवरी 2012 में घर से विद्युत मोटर चोरी हो गया था। मामले में पुत्र ने गांव के धर्मेंद्र, कलुआ, बड्डू, संजय, रामचंद्र व बच्चू पर मोटर चोरी का आरोप लगाते हुए शिकायत पुलिस में की थी। उक्त सभी आरोपियों ने पीड़ित के घर जाकर रिपोर्ट वापस लेने को डराया था। 17 मार्च 2012 की रात पुत्र राजीव घर से खाना खाकर घेर में सोने गया था। अगले दिन जब पुत्र घर नहीं आया तो पीड़ित स्वजन के साथ घेर में पहुंचा जहां पुत्र का शव एक कमरे में पड़ा था।




**कड़ी नजर** वाराणसी में शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच ज्ञानवापी मस्जिद से जुमे की नमाज अदा करने के बाद मुसलिम बाहर निकले।

## 'उद्यमियों की समस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं'

बरेली, 28 जुलाई (जनसत्ता)।

जिलाधिकारी शिवकांत द्विवेदी ने वैश्विक निवेशक सम्मेलन में करार (एमओयू) करने वाले उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने के निर्देश दिए हैं।

भू-उपयोग परिवर्तन, मानचित्र स्वीकृत करने तथा अग्निशमन आदि विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने में बरती जा रही लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी तरह की हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन की मंशा के अनुरूप 2023 में निर्धारित समय सीमा में इन उद्योगों को धरातल पर उतारने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित अधिकारी उद्यमियों से संपर्क कर उनकी समस्याओं का जल्द निपटारा करने में जुट जाएं। कलैक्ट्रेट सभागार में उद्योग बन्धु समिति की गुरुवार को हुई बैठक में जिलाधिकारी शिवकांत द्विवेदी ने सबसे पहले प्रदेश स्तर पर हुए सम्मेलन में करार करने वाले उद्यमियों की समस्याओं के बारे में जानकारी मांगी।

हिन्दुस्तान पैट्रोलियम कारपोरेशन का पैट्रोल पम्प लगाने के लिए ग्राम अंगूरी में चिन्हित की गई भूमि पर बरेली विकास प्राधिकरण ने इस आधार पर आपत्ति लगाई है कि इस जमीन पर मेला लगने के कारण इसका उपयोग व्यवसायिक नहीं किया जा सकता है। इसपर जिलाधिकारी ने प्रदेश के प्रमुख सचिव उद्योग को प्रकरण से अवगत कराने के आदेश दिए हैं। डेयरी की एक परियोजना में भी कृषि भूमि का भू-उपयोग परिवर्तन कर इसे औद्योगिक भूमि में परिवर्तित करने का मामला लंबित होना बताया गया।

इसी तरह अन्य कई उद्यमियों ने भी भू-उपयोग परिवर्तन की समस्या और बरेली विकास प्राधिकरण से नक्शा पास होने में आ रही कठिनाइयों के बारे में जिलाधिकारी को अवगत कराया है। इसके अलावा अग्नि शमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र न मिलने के कारण कई उद्योग अबतक धरातक पर नहीं उतर सके हैं। जिलाधिकारी ने सभी प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा करने के बाद उपायुक्त उद्योग 'एमओयू' को निर्देश दिए कि संबंधित विभागों से सम्पर्क कर उद्यमियों की समस्याओं को अतिशीघ्र निपटाने के प्रयास किए जाएं, ताकि निर्धारित समय सीमा में ही उद्योगों को धरातल पर उतारा जा सके।

## बरेली : युवक की गोली मारकर हत्या

बरेली, 28 जुलाई (जनसत्ता)।

थाना बारादरी क्षेत्र में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। नगर पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने बताया कि शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने परिजनों और घटनास्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ कर हत्या की वजह पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। थाना बारादरी क्षेत्र के नाग पंचमी मेला मैदान में लोगों ने शुक्रवार को सुबह एक शव देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने के बाद इसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## मणिपुर हिंसा पर 'एनएसयूआइ' का मशाल जुलूस, पुलिस और कार्यकर्ताओं में हुई नोक-झोंक

वाराणसी, 28 जुलाई (जनसत्ता)।

मणिपुर हिंसा को लेकर सरकार के खिलाफ जहां एक तरफ विपक्ष की पार्टियां संसद के अंदर हंगामा कर रही है, तो वही राजनीतिक पार्टियों से जुड़ी इकाईयां सड़क पर सरकार को घेरने में जुटी हुई है।

इसी क्रम में पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में एनएसयूआइ के कार्यकर्ताओं ने मणिपुर घटना को लेकर मशाल जुलूस निकाला। मशाल जुलूस निकलते ही कार्यकर्ताओं को चारो तरफ से पुलिस और विश्वविद्यालय प्रशासन की पेशेवर टीम ने घेर लिया। पुलिस टीम ने एनएसयूआइ कार्यकर्ताओं से जबरदस्ती मशाल छीन लिया। तो वहीं मणिपुर की घटना को लेकर कार्यकर्ता मार्च निकालने पर अड़े रहे। वाराणसी के महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में एनएसयूआइ कार्यकर्ताओं के द्वारा मणिपुर की घटना को लेकर मशाल जुलूस निकालने के आवाह्न के बाद से ही विश्वविद्यालय को पूरी तरह से छावनी में तब्दील कर दिया गया।

निर्धारित समय पर जैसे ही एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने मशाल जुलूस निकाला वैसे ही बड़ी संख्या में मौजूद पुलिस और विश्वविद्यालय की सुरक्षा टीम ने कार्यकर्ताओं को चारों तरफ से घेर लिया। नारेबाजी के साथ मशाल लेकर मणिपुर की घटना का विरोध करते हुए निकले कार्यकर्ताओं से पुलिस प्रशासन की टीम ने मशाल छीन लिया। वही विश्वविद्यालय की प्रॉक्टर ने सुरक्षा बल के जवानों को निर्देश दिया कि कार्यकर्ताओं को विश्वविद्यालय से बाहर जाने नही दिया जाए।

पुलिस प्रशासन के द्वारा मशाल जुलूस रोके जाने से आक्रोशित एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच मार्च निकाले जाने को लेकर जमकर नोक-झोंक हुई। इस नोक-झोंक के बाद छात्रों ने विश्वविद्यालय में ही मार्च निकाला।

## सहारनपुर में तैनात दो रेलकर्मी पूछताछ के लिए तलब किए गए

सहारनपुर, 28 जुलाई (जनसत्ता)।

सीबीआई ने सहारनपुर रेल विभाग में बिहार निवासी दो रेलकर्मी मेमू कार सेड के तकनीकविद् जितेंद्र सिंह और तकनीकविद् भूपेंद्र चौधरी को पूछताछ के लिए तलब किया है।

बिहार निवासी दोनों कर्मचारियों की रेल विभाग में नियुक्ति उस वक्त हुई थी जब लालू प्रसाद यादव रेल मंत्री थे। ध्यान रहे सीबीआई लालू यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान जमीन के बदले नौकरी दिए जाने की शिकायतों की सीबीआई जांच चल रही है। रेल अधिकारियों ने बताया कि एक कर्मचारी जितेंद्र कुमार सिंह से सीबीआई गुरुवार को पूछताछ कर चुकी है जबकि भूपेंद्र चौधरी से 31 जुलाई सोमवार को पूछताछ की जाएगी।


POONAWALLA HOUSING FINANCE
Apna Ghar, Apni Pehchan

**पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
(पूर्व का मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)
पंजीकृत कार्यालय : 602, 6ठा तल, जीरो वन आईटी पार्क, क्रम सं. 79/1, घोरपड़ी, मुंधवा रोड, पुणे-411036
शाखा कार्यालय इकाईः प्रथम तल, सत्य बिजिनेस पार्क, 1 नवल किशोर रोड, हजरतगंज, लखनऊ-226001

ई-नीलामी बिक्री सूचना

**ई-नीलामी बिक्री सूचना, सरफैसी अधिनियम के अंतर्गत प्रतिभूत अचल परिसम्पत्ति की बिक्री**

एतद्द्वारा आम जनता तथा विशेष रूप से ऋणधारकों/सह-ऋणधारकों/गारन्टरों को सूचित किया जाता है कि मैग्मा हाउसिंग फाइनांस लि. अब निगमन के प्रमाणपत्र के माध्यम से पूनावाला हाउसिंग फाइनांस लि. के पास गिरवी नीचे वर्णित सम्पत्ति जिसका सरफैसी अधिनियम की धारा 13(4)/धारा 14 के अंतर्गत पीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा किया गया था, की लागू ब्याज, चार्जेज तथा खर्चे आदि के साथ पीएचएफएल के बकाये की वसूली के लिये नीचे वर्णित शर्तों के अनुसार ई-नीलामी द्वारा बिक्री की जायेगी।
सम्पत्ति की बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 8 एवं 9 के अंतर्गत 'जैसा है जहां है, जो भी वहां है तथा आश्रय-रहित आधार' पर होगी।
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए पीएचएफएल/प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट अर्थात **www.poonawallahousing.com** देखें।

| प्रस्ताव सं. ग्राहक का नाम (A) | मांग सूचना की तिथि तथा बकाया राशि (B) | कब्जे की प्रकृति (C) | सम्पत्ति का विवरण (D) | आरक्षित मूल्य (E) | ईएमडी (आरपी का 10%) (F) | ईएमडी जमा करने की तिथि (G) | संविदा वृद्धि (H) | सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय (I) | नीलामी की तिथि एवं समय (J) | ज्ञात ऋण भार/कोर्ट के मामले, यदि कोई हो, (K) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऋण सं. HL/0043/H/15/100122 सन्दीप कुमार मौर्य (कर्जदार) पारुल मौर्य (सह-कर्जदार) | सूचना की तिथि : 13/03/2020 रुपये 5,15,140/- (रुपये पांच लाख पंद्रह हजार एक सौ चालीस मात्र) 11/03/2020 तक देय तथा वसूली तक 15.55 वार्षिक दर से ब्याज | भौतिक | बंधक सम्पत्ति निगम मकान सं. 456/042, खसरा नंबर 327 से 330, 455 से 458, 460 से 462, 465 से 471 और 474 पर निर्मित, दौलतगंज वार्ड दौलतगंज, लखनऊ में स्थित का समस्त भाग। | रु. 31,90,250/- (रुपये इकतीस लाख नब्बे हजार दो सौ पचास मात्र) | रु. 3,19,025, /- (रुपये तीन लाख उन्नीस हजार पच्चीस मात्र) | 30/08/2023 को 5 बजे अप. से पूर्व | 10,000/- | 24/08/2023 (11 बजे पूर्वा. से 4 बजे अप.) | 31/08/2023 (11 बजे पूर्वा. से 2 बजे अप.) | निल |

**"बिक्री/खरीद की भावी पूछताछ या किसी सहायता के लिए कृपया श्री शादाब अख्तर से मोबाइल नं. +91 9910453434 पर सम्पर्क करें।"**

इच्छुक बोलीदाताओं से आग्रह है कि शाखा में जाकर नीलामी की संपत्ति निरीक्षण करें तथा प्रभारों, अधिभारों की जानकारी प्राप्त करें। क्रेता अपने स्वयं की पूछताछ करें तथा अतिरिक्त प्रभारों, अधिभारों तथा सभी दृष्टियों पर किसी भी तृतीय पार्टी के हितों की जांच कर स्वयं को संतुष्ट कर लें। सभी सांविधिक बकाए जैसे संपत्ति कर, बिजली बकाये तथा संपत्ति से जुड़ी अन्य बकाए, यदि कोई हो, का भुगतान सफल बोलीदाता/संभावित क्रेता को ही करना होगा। उनके स्वयं के हित में बोलीदाता/संभावित क्रेताओं से अनुरोध है कि अपनी बोली जमा करने से पूर्व उपरोक्त के संदर्भ में तथा संपत्ति से संबंधित अन्य विवरणों के विषय अपने स्वयं के हित में जांच करके संतुष्ट हो लें।
इच्छुक बोलीदाताओं को अग्रिम में पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना होगा तथा लागिन आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त करना होगा जिसे नीलामी सेवा प्रदाता सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, पता : प्लॉट नं. 68, तीसरी मंजिल, गुरुग्राम, हरियाणा-122003, हेल्पलाइन नम्बर : 7291981124, 25, 26, सपोर्ट ई-मेल आईडी : **Support@bankeauctions.com** सम्पर्क व्यक्ति : विनोद चौहान, ई-मेल आईडी : **delhi@c1india.com,** सम्पर्क नं. 9813887931 से अनिवार्य है। कृपया ध्यान रहे कि संभावित बोलीदाता केवल उन्हीं से ही ई-नीलामी पर ऑन लाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक क्रेता/ बोलीदाता को 30.08.2023 को या इससे पूर्व "पूनावाला हाउसिंग फाइनांस लि.", बैंक आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, खाता नं. 000651000460 तथा आईएफएससी कोडः **ICIC0000006**, 20, आर.एन. मुखर्जी रोड, कोलकाता-700001 की खाता में एनईएफटी/आरटीजीएस द्वारा धरोहर राशि भुगतान (ईएमडी) की राशि जमा करना होगा तथा **https://www.bankeauctions.com** पर अपना नाम पंजीकृत कराना होगा तथा सेवा प्रदाता से निशुल्क यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करना होगा तथा ई-नीलामी पर प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। वेबसाइट पर पंजीकरण के बाद इच्छुक क्रेता/ बोलीदाता को अधोलिखित दस्तावेजों प्रतियों को अपलोड, ईमेल करना होगा तथा स्वप्रमाणित हार्ड कॉपी पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लि. के अधिकृत प्राधिकारी के पास भेजना होगाः **श्री शरीफ अहमद, पता- शाखा कार्यालय इकाई : प्रथम तल, सत्य बिजिनेस पार्क, 1 नवल किशोर रोड, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मोबाइल नं.** +918840784993, **ई-मेल आईडी : sharif.ahmad@poonawallahousing.com**

स्थानः लखनऊ उ.प्र.
तिथिः 29.07.2023

प्राधिकृत अधिकारी, पूनावाला हाउसिंग फाइनांस लिमिटेड
(पूर्व की मैग्मा हाउसिंग फाइनांस लिमिटेड)


## जाली टिकटों के कारोबार पर अंकुश लगाने को लेकर अभियान जारी

वाराणसी, 28 जुलाई (जनसत्ता)।

मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख शमीउर्र रहमान के निर्देश तथा मंडल वणिज्य प्रबंधक राजेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में सक्रियता बढ़ते हुए मुख्य वाणिज्य निरीक्षकों एवं टिकट जांच कर्मचरियों पर सूक्ष्म दृष्टि रखने हेतु निर्देशित किया गया।

इसी क्रम में छपरा स्टेशन पर शुक्रवार को को सघन टिकट जांच केंद्र छपरा के टिकट जांच कर्मचारी अजय कुमार श्रीवास्तव, सुधाकर मिश्रा, ममता एवं सैय्यद अख्तर द्वारा गाडी सं. 19046 छपरा-सुरत एक्सप्रेस के सामान्य कोचों की जांच में कुछ यत्रियों के पास संदिग्ध यूटीएस टिट जिनकी छपाई में साफ-साफ अंतर प्रतीत हो रहा था। जांच करने पर इस यूटीएस टिकट में मैनीपुलेटिंग होना भी पाया गया, जिसपर यत्रियों से पूछताछ हेतु बलिया स्टेशन पर उतारकर रेल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु रेलवे सुरक्षा बल को सौंपा गया।

यह अभियान पूर्व में 21 जून,2023 को घटित एक घटना से संज्ञान लेते हुए चलाया गया जिसमें एक व्यक्ति द्वारा यूटीएस टिकट के धन वापसी हेतु बुकिंग काउंटर पर सम्पर्क करने पर कर्मचारी द्वारा पाया गया कि उस टिकट की छपाई समान्य रूप से नहीं थी, जिसे प्रथम दृष्टया देखने पर गन्तव्य स्थान एवं किराये की राशि मिटा कर उसे परिवर्तित कर दिया पाया गया था।

उक्त टिकट के यूटीएस काउंटर द्वारा नियमानुसार निरस्त न होने पर व्यक्ति द्वारा कार्यरत कर्मचारी से नोंक-झोंक भी की गई तथा इसी क्रम में व्यक्ति को पकड़ने के प्रयास में वह व्यक्ति अपना टिकट काउंटर पर ही छोड़ कर फरार हो गया। जिसके परिणाम स्वरूप आज दिनांक 25 जुलाई को यह अभियान चलाकर अनियमित एवं जाली टिकटों के कारोबार पर अंकुश लगाने का प्रयास किया गया । इस अभियान में मुख्य वाणिज्य निरीक्षक / छपरा गणेश यादव / मंडल वणिज्य निरीक्षक/बलिया, राजेंद्र कुमार तथा उक्त टिकट जांच कर्मचरियों ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है । मंडल वाणिज्य प्रबंधक राजेश श्रीवास्तव के अनुसार इसी तरह के विशेष ड्राइव वाराणसी मंडल में निरंतर चलाई जा रही है ताकि जाली टिकटों के कारोबार पर अंकुश लगाया जा सके।

## खबर कोना

### युवक ने कनपटी में गोली मारकर की आत्महत्या

सहारनपुर, 28 जुलाई (जनसत्ता)।

नानौता थाने के ढसका गांव में 24 वर्षीय युवक सचिन सैनी पुत्र कन्हैया सैनी ने तमंचे से अपनी कनपटी पर गोली मारकर खुदकुशी कर ली है। थानाध्यक्ष चंद्रसेन सैनी ने आज बताया कि मृतक के भाई पवन सैनी ने बताया कि सचिन पिछले कुछ दिनों से मानसिक तनाव में था और उसका इलाज भी चल रहा था। संभवतः तनाव के चलते उसके भाई ने यह कदम उठाया। पुलिस के मुताबिक सचिन सैनी अपने घेर के पास गली में एक चबूतरे पर गया जहां उसने गोली मारकर खुदकशी कर ली।सचिन को पहले नानोता सीएचसी ले जाया गया। जहां से जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। जहां रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

### घरेलू विवाद में वृद्ध दंपति ने जहर खाकर खुदकुशी की

सहारनपुर, 28 जुलाई (जनसत्ता)।

नगर के मंडी कोतवाली के माता गढ़ मोहल्ला निवासी 63 वर्षीय सेवानिवृत्त न्यायकर्मी पवन वर्मा और 60 वर्षीय पत्नी पद्मावती ने बीती रात विषैला पदार्थ खा लिया। दोनों की हालत बिगड़ने की जानकारी उनके साथ रह रहे छोटे बेटे हार्दिक वर्मा को लगी तो माता-पिता ने उसे बताया कि उन्होंने जहर खा लिया है। बेटा और अन्य परिजन दोनों को नगर के निजी अस्पताल में लेकर गए। जहां देर रात उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मंडी पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस मामले की जांच में लगी है। शुरुआती जांच में पता चला कि परिवार में कुछ दिनों से तनाव और क्लेश चल रहा था। जिसके चलते दंपति ने विषैले पदार्थ का सेवन कर जान दे दी। पवन वर्मा मुजफ्फरनगर न्यायालय से दो वर्ष पूर्व सेवानिवृत्त के बाद यहां सहारनपुर अपने छोटे बेटे के पास आकर रहने लगा था और बेटे के सर्राफे की दुकान पर बैठता था।

### गंगाघाट अध्यक्ष के पति को पुलिस ने बलात्कार मामले में किया गिरफ्तार

उन्नाव, 28 जुलाई (जनसत्ता)।

नगरपालिका गंगाघाट अध्यक्ष के पति को महाराष्ट्र पुलिस ने बलात्कार मामले में गिरफ्तार कर गंगाघाट थाने पहुंची। क्षेत्राधिकारी आशुतोष ने बताया कि महाराष्ट्र प्रांत के ठाणे जनपद के नयानगर निवासी मीरा भईदर में गंगाघाट के अध्यक्ष कौमुदी पांडे के पति संदीप निवासी डाकतार कालोनी शुक्लागंज के विरुद्ध महाराष्ट्र की युवती द्वारा बलात्कार मामले में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। उक्त थाने के उपनिरीक्षक गोविंदा करोड़ीवाल संदीप की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम के साथ थाना शुक्लागंज पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार कर महाराष्ट्र रवाना हो गए।

### स्वास्थ्य कर्मियों पर धारदार हथियार से हमला

बहराइच 28 जुलाई (जनसत्ता) ।

जनपद बहराइच में मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान झुलसे एक वृद्ध की मौत हो गई। इस पर स्वास्थ्य कर्मियों ने शव के पोस्टमार्टम के लिए तैयारी शुरू कर दी। इससे गुस्साए परिवार के लोगों ने ड्यूटी पर तैनात स्वास्थ्य कर्मियों से मारपीट की। धारदार हथियार से भी हमला किया। साथ ही कागजात फाड़ डाले। स्वास्थ्य कर्मियों ने सीएमएस और कोतवाली नगर में पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पयागपुर थाना क्षेत्र के कांधीकुइयां गांव निवासी सहजराम (80) बीते दिन घर में गैस सिलेंडर से जल गए थे। इस पर परिवार के लोग उन्हें सीएचसी ले गए। यहां हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया। कोतवाली नगर और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को दिए गए पत्र में स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि रात में 9.39 बजे वृद्ध के मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर इलाज चिकित्सक राहुल अग्रवाल ने की। हालत गंभीर होने पर वृद्ध को लखनऊ रेफर कर दिया। इसके बाद भी परिवार के लोगों ने पत्र लिखकर जिला मुख्यालय पर ही इलाज करवाने की बात कही।